हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# छापामारी के बाद भी जिले में बेखौफ चल रही आधा दर्जन अवैध गुटखा फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्ग और राजनांदगांव जिले में अवैध सितार गुटखा फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई के बाद भी अविभाजित राजनांदगांव जिले में करीब आधा दर्जन अवैध गुटखा फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। ऐसी चर्चा है कि जीएसटी की चोरी करने के लिए राजनांदगांव में लोकल स्तर पर एक सिडिकेट तैयार कर इस गोरखधंधे को अंजाम दिया जा रहा है। फैक्ट्री में सितार सहित कुछ गुटखों का अवैध रूप से उत्पादन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जीएसटी की चोरी करने के लिए पिछले लंबे समय से राजनांदगांव और दुर्ग में अवैध गुटखा फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। पिछले साल जीएसटी ने दुर्ग और राजनांदगांव जिले के गनियारी में छापामार कार्रवाई कर संचालक पर न केवल भारी भरकम टैक्स अधिरोपित किया था, बल्कि उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया है। इस कार्रवाई के बाद पिछले कुछ माह से जिले में अवैध गुटखा फैक्ट्री का संचालन बंद हो गया था, लेकिन सूत्रों ने बताया कि पिछले दो माह से राजनांदगांव शहर के एक सिडिकेट ने फिर से इस अवैध कारोबार को शुरू किया है। बताया जाता है कि करीब आधा दर्जन स्थानों पर अवैध रूप से गुटखे का उत्पादन किया जा रहा है। बताया जाता है कि बालोद रोड में दो फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा गुपचुप तरीके से राजनांदगांव के आसपास के गांवों में यह अवैध कारोबार शुरू किया गया है। सूत्रों ने बताया कि रात आठ बजे के बाद फैक्ट्री में कर्मियों को बुलाया जाता है और अलसुबह तक इसका उत्पादन करने के बाद गांवों में इसकी सप्लाई की जा रही है। इस अवैध कारोबार में कुछ रसूखदारों के भी शामिल होने की चर्चा है।

## अवैध कारोबार में कुछ रसूखदार भी शामिल, गांव-गांव में हो रही सप्लाई

### लोकप्रिय ब्रांडों के नकली पाउच

राजनांदगांव के आसपास गांवों में सितार और माणिकचंद के अलावा पानराज आदि लोकप्रिय ब्रांडों के नकली पाउच तैयार किए जा रहे हैं। इन नकली फैक्ट्रियों में हानिकारक रसायनों और घटिया सुपारी का उपयोग किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है।



### महाराष्ट्र में भी सप्लाई

सिंडिकेट द्वारा राजनांदगांव में शुरू की गई अवैध गुटखा फैक्ट्रियों में उत्पादन के बाद उसे अविभाजित राजनांदगांव जिले के अलावा महाराष्ट्र में भी सप्लाई किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। बड़ी बात यह है कि पुलिस और प्रशासन को इसकी कोई भनक नहीं है।

# जसगीतों की गूंज के साथ निकली ज्योत जंवारा की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व पर मंदिरों में ज्योत जंवारा स्थापित किए गए थे। जिसकी नियमित रूप से पूजा अर्चना की गई। श्रीराम नवमी के अवसर पर मंदिरों में स्थापित ज्योत जंवारा का शोभायात्रा निकालकर तालाबों में विसर्जन किया गया। इस दौरान जसगीतों की गूंज रही।



उल्लेखनीय है कि शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र पर्व पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में देवी मंदिरों में विधि-विधान से ज्योत जंवारा स्थापित किए गए थे। ज्योत जंवारा का नियमित रूप से पूजा-अर्चना एवं देखरेख व सेवा नौ दिनों तक किया गया। अष्टमी हवन एवं कन्याओं को भोज कराने के पश्चात मंदिरों में स्थापित की गई ज्योत जंवारा का विसर्जन करने का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार को देवी मंदिरों से ज्योत जंवारा का जसगीतों के साथ शोभायात्रा निकालते हुए भक्त तालाब परिसर पहुंचे, जहां श्रद्धा भक्ति के साथ ज्योति कलश विसर्जित किए गए। शहर के मां शीतला मंदिर परिसर बूढ़ासागर, शंकरपुर तालाब, भरकापारा इंदिरा सरोवर सहित शहर के अन्य तालाबों में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति देर शाम तक रही।

## श्रीराम नवमी पर श्रद्धा भक्ति का माहौल

### पुलिस बैंड की धुन पर आरती



चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के सफल निर्वहन के उपरांत श्रीराम नवमी के अवसर पर राजनांदगांव पुलिस द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मां बम्लेश्वरी मंदिर में आरती एवं अर्चना की गई।

इस अवसर पर राजनंदगांव पुलिस बैंड द्वारा भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया गया। जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं श्रद्धा का संचार हुआ। साथ ही नवरात्रि ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस बल ने मां के श्रीचरणों में उपस्थित होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

**सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रही :** नवरात्रि के दौरान राजनांदगांव पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू एवं सुदृढ़ बनाए रखते श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित कराया गया। जिसकी व्यापक सराहना प्राप्त हुई। किसी भी पदयात्री के साथ शून्य दुर्घटना साथ ही डोंगरगढ़ मेला व्यवस्था जीरो क्रिमिनल इंसिडेंट के साथ समाप्त हुई।

## मंदिरों में श्रीराम लला की पूजा-अर्चना

श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों सहित घरों में भगवान श्रीराम लला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। शहर में श्रीराम मंदिर मिलचाल से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। पर्वों की श्रृंखला में शुक्रवार को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ अंचल में मनाया गया।



### बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा

मंदिर से दोपहर बाद भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बच्चे से लेकर सभी वर्ग के लोगों की उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में भक्त सपरिवार शामिल हुए। बाजे-गाजे व भजनों के बीच शोभायात्रा प्रमुख मार्ग से होते हुए मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इधर ग्रामीण इलाकों में भी पर्व के अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### धार्मिक आयोजन के साथ पूजा-अर्चना

इधर शहर के मिलचाल स्थित भगवान श्रीराम मंदिर में पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थी। यहां भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर को जन्मोत्सव के समय पूजा-अर्चना पर शहर के महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। आरती व पूजा-अर्चना के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

## आरपीएफ ने संदिग्ध को पकड़ा, 24 नग पेंड्रॉल क्लिप बरामद

**राजनांदगांव।** आरपीएफ ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। जिसके पास से रेलवे ट्रैक में उपयोग होने वाली 24 नग पेंड्रॉल क्लिप बरामद कर कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव द्वारा रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर दीपचंद आर्य के निर्देशन में हुई। सूत्रों के अनुसार 26 मार्च को निरीक्षक तरूणा साहू के नेतृत्व में आरपीएफ टीम द्वारा रेलवे स्टेशन रसमड़ा एवं यार्ड क्षेत्र में रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। उक्त व्यक्ति रेलवे के प्रतिबंधित क्षेत्र में बंद समपार फाटक के पास से एक बोरी में सामान लेकर जा रहा था।

घेराबंदी कर पकड़े जाने पर उसके कब्जे से रेलवे ट्रैक में उपयोग होने वाली 24 नग पेंड्रॉल क्लिप बरामद की गई।

⏩ शेष पेज 12 पर

# जल संकटः गर्मी की शुरूआत में नल से पतली धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी की शुरूआती दिनों में ही शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट दिखाई देने लगा है। कई वार्ड में नल में लो-प्रेशर की समस्या बनी हुई है। पानी की पतली धार आने की वजह से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

मार्च महीना बीतने के साथ ही शहर में जल संकट नजर आ रहा है। वहीं पेयजल को लेकर सड़क पर आंदोलन का दौर भी शुरू हो गया है। बीते दिनों शहर के लखोली क्षेत्र में कम पानी आने को लेकर लोग सड़क पर बैठ गए थे। वहीं शहर के अन्य वार्डों में भी लो-प्रेशर की समस्या सामने आ रही है। वहीं नल का प्रेशर कम होने के चलते कुछ लोगों द्वारा पंप लगाकर पानी भरा जा रहा है। जिससे जिन लोगों के घर पंप नहीं है, वहां जल संकट हो रहा है।

बीते लगभग 10 दिनों से शहर के मोतीपुर रामनगर, स्टेशनपारा, बसंतपुर, लखोली, नया ढाबा जैसे क्षेत्रों में नल से पतली धार की शिकायत आ रही है। इस क्षेत्र के लोगों का कहना है कि लो-प्रेशर के चलते पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

### मोंगरा बैराज से छोड़ा गया पानी

शहर में पेयजल पूर्ति को लेकर नगर निगम द्वारा अन्य जलाशयों से पानी लिया जा रहा है। राजनांदगांव शहर के लिए ग्रीष्मकालीन हेतु मोंगरा बैराज में लगभग 20 एमसीएम पानी आरक्षित रखा जाता है, जिसे 2 बार में छोड़ा जाता है। बीते 19-20 मार्च को मोंगरा बैराज से 9 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी छोड़ा गया है, जो मोहारा एनीकट तक पहुंच गया है।

## ऑनलाइन सट्टा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धरपकड़ अभियान के तहत खैरागढ़ पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने के आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से मोबाइल एवं नगदी रकम बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में सट्टा-जुआ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 27 मार्च को थाना खैरागढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सतीश रजक निवासी बरेठपारा खैरागढ़ सट्टा-पट्टी लिखकर लोगों को ऑनलाइन जुआ खिला रहा है।

### पुलिस की मौके पर दबिश

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी सतीश रजक उम्र लगभग 30 वर्ष को मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिलाते रंगे हाथों पकड़ा गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी के कब्जे से मोबाइल, नगदी रकम 2000 बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर उसे छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।






# NB GROUP OF SCHOOLS

RAJNANDGAON




NB GROUP OF SCHOOLS ज्ञानं परमं ध्येयम्

## PW - BHILAI BRANCH द्वारा NBIS - BORI में OFFLINE CLASSES

HOLIDAY OPEN 9AM to 2PM

NBIS BORI — COLLABORATION WITH — PHYSICS WALLAH

SCAN FOR VIRTUAL VISIT

CBSE + COMPETITIVE EXAM की तैयारी एक साथ NBIS - BORI में

8th | 9th | 10th FOUNDATION

11th & 12th JEE/NEET

12th DROPPER for NEET AT NPPS BALDEV BAGH

NO ADMISSION FEE, TRANSPORTATION FEE

LIMITED SEATS (T&C)

Play Group 14000/- Only

Nursery 18000/- Only

प्ले ग्रुप व नर्सरी के बच्चों हेतु निःशुल्क बस सेवा

PRE NURSERY TO IX & XI




SCAN FOR VIRTUAL VISIT

INTRODUCING NEW SUBJECT HUMANITIES IN CLASS 11th

NBIS ज्ञानं परमं ध्येयम्

## NEERAJ BAJPAYEE INTERNATIONAL SCHOOL

93402-80363, 93408-74310

VILL. - BORI, RAJNANDGAON (C.G.)

2026-27

# ADMISSIONS OPEN

SESSION STARTS From 1st APRIL




INTRODUCING CLASS 1

NEERAJ FOUNDATION KIDS' PREMIUM SCHOOL

PRE NURSERY TO CLASS 1

SCAN FOR VIRTUAL VISIT

74899-27692, 74157-36369 | KAMLA COLLEGE ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)

2nd Branch NEERAJ FOUNDATION SCHOOL - Pathalgaon (Jashpur)



JAI STAMBH CHOWK 62626-11862

INTRODUCING CLASS 1

SCAN FOR VIRTUAL VISIT




BALDEO BAGH

NPPS ज्ञानं परमं ध्येयम्

NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL

PRE-NURSERY TO CLASS VIII

Our Phase - 2 (NFS) Building Is Ready With Full Amenities For New Academic Session for Pre Nursery

Baldeo Bagh 70002-17171, 74899-27693

NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL PRE NURSERY TO CLASS 1

PRE NURSERY TO IX & XI

NURSERY TUTION FEE 13000/- ONLY

#Admission Fee Separately




Only CBSE School of this area | CBSE AFFILIATION NO. - 3330254

NVM SCHOOL

NEERAJ VIDYA MANDIR

A CO-EDUCATIONAL SENIOR SECONDARY SCHOOL

74470-68653, 73545-59407 | MOHAD, DONGARGAON

SCAN FOR VIRTUAL VISIT

NVM KIDS SCHOOL, Near Bahubali Hardware Dongargaon City




पंजीकरण, प्रवेश शुल्क, परिवहन और शिक्षण शुल्क शामिल है।

PRE NURSERY (T&C) 12000/- Only

NURSERY (T&C) 17000/- Only

REGISTRATION+ ADMISSION+ TRANSPORTATION+ TUTION FEE INCLUDED

Play Group to IXth & XIth Commerce

MILESTONE PUBLIC SCHOOL

CBSE AFFILIATION NO. : 3330176 | SCHOOL CODE : 15164

SCAN FOR VIRTUAL VISIT

9201994767/68 | SH-5, KHAIRAGARH

FREE CAREER GUIDANCE FOR NBIS 11th STUDENTS BY Career9 TEAM

## खबर संक्षेप

### मोहनीश का नवोदय में चयन



**अर्जुनी।** प्राथमिक शाला किरगी की कक्षा पांचवीं के छात्र मोहनीश साहू का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए हुआ है। मोहनीश के पिता श्यामचरण साहू शिक्षक हैं। कक्षा शिक्षक अनुराग यदु ने बताया कि वह शुरू से मेधावी है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता पिता और शिक्षकों को दिया है। प्रधान पाठक एमके बघेल, पदमिनी साहू एवं अन्य शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### गीतांशु पढ़ेगा नवोदय में

**उरईडबरी।** ग्राम के कुलदीपक टंडन एवं परवीन टंडन के पुत्र गीतांशु



टंडन का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ और सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6 वी में प्रवेश के लिए हुआ है। वह श्री साईनाथ एकेडमी विद्यालय उरईडबरी में अध्ययनरत है। अपने चयन का श्रेय दीनदयाल को दिया है जिनके मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त किया है। गीतांशु को मंगलचंद, मीना टंडन, डॉ. ज्योतिष टंडन, तरुणा टंडन, लता टंडन,दीक्षा टंडन, नारद सोनवानी, चित्रा सोनवानी, राजकुमार चंद्रवंशी, योगीलाल वर्मा, खिलेश, हीरादास ने बधाई दी है।

### शाला में प्रवेश प्रक्रिया 10 से

**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी /अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खडगांव में प्रवेश प्रक्रिया आगामी 10 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इच्छुक विद्यार्थीकक्षा 1 से 12 वी तक प्रवेश ले सकते है।प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन किया जा सकता है। एक विद्यार्थी एक विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है। कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु साढ़े 5 वर्ष से साढ़े 6 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदक होने पर लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित है।

### जामरी बना अवैध कारोबार का अड्डा

**डोंगरगढ़।** जामरी क्षेत्र इन दिनों अवैध गतिविधियों का केंद्र बन गया है। यहां से रेत खनन, अवैध ईंट भट्ठों का संचालन और इमारती लकड़ी की तस्करी किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह अवैध कारोबार लंबे समय से जारी है। नदी-नालों से रेत का खनन करने से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, वहीं बिना अनुमति संचालित ईंट भट्ठों से वायु प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। इमारती वृक्षों की कटाई से वन क्षेत्र पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिससे पेड़ों और भूमि को खतरा उत्पन्न हो गया है। फलदार वृक्ष गिरने के कगार पर हैं। ग्रामीणों ने सघन जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई विधायक

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गत दिनों दौरा कर विभिन्न



कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मासुल में गोपाल सिंग, खिलेष सिंग राजपुत के यहां आयोजित भागवत कथा का श्रवण किया। बखत रंगकठेरा में भागवत वर्मा के घर जाकर जोत जंवारा के दर्शन किया। कोपेगांव नवागांव में विराजित मां विध्यवासिनी के दर्शन कर ग्रामवसियों से मुलाकात किया। छपारा में मां कर्मा जयंती कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराया। मुढ़ीपार में संत गाडगे की जयंती पर कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा अर्चना किया। अष्टमी को अपने निवास में कन्या भोज का आयोजन किया। कन्या की पूजा कर उन्हे हलवा पुरी आदि खिलाया।

### पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने से लोग परेशान

**डोंगरगढ़।** ढारा स्थित पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल नहीं मिलने से अष्टमी के दिन यहां आने वाले वाहन एवं बाइक वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ठेलकाडीह, खैरागढ़ भंडारपुर से डोंगरगढ़ पहुंचने तक मात्र ढारा में ही दो पेट्रोल पंप है जो ड्राई हो गए थे। पेट्रोल डीजल नहीं मिलने से श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं व्यवसायिक सिलेंडर नहीं होने से होटलें बंद होने की नौबत आ गई है। कांग्रेस नेता सुरेश सिन्हा ने कहा कि नोट बंदी और कोरोना संक्रमण के बाद लोग एक बार तेल गैस के लिए लाईन लगाने मजबूर है।

### सीएससी सेंटर सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत शिकारीमहका में आयोजित कार्यक्रम में जनपद



अध्यक्ष संजय सिन्हा ने 15 लाख की लागत से वाले विभिन्न निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नैनसिंह पटेल, शकुन बडोले, दिनेश साहू मौजूद थे। श्री सिन्हा ने बताया कि ग्राम में सीएससी सेंटर भवन के लिए 5 लाख, देवगुड़ी 5 लाख, पुलिया निर्माण के लिए 5 लाख की स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि सीएससी सेंटर से ग्रामीणों को सभी सुविधाएं गांव में ही मिलेगी। ग्रामीण गांव में ही आधार कार्ड, पैन कार्ड, बनवाने के अलावा बिजली बिल जमा कर सकेंगे। इस अवसर पर खुमान सिन्हा, बैशाखूराम सिन्हा, भीषम शोरी, रामा निषाद, निर्भय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### उत्पाद शुल्क में कटौती का स्वागत

**छुरिया।** जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष गीता घासी साहू ने विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में 10 रूपए की कटौती करने के निर्णय का स्वागत किया है। इस फैसले के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 से घटकर 3 तथा डीजल पर 10 से घटकर शून्य हो गई है, जिससे जनता को बड़ी राहत मिलेगी। श्रीमती साहू ने इस निर्णय को जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इससे बढ़ती महंगाई पर नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। परिवहन लागत कम होने से उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

### सीसी रोड का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम बिटाल में सीसी रोड का भूमि पूजन विधायक भोलाराम साहू ने किया।



विधायक श्री साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कुदाली चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू सिन्हा, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, सरपंच मंजू साहू, बरातू चंद्रवंशी, जिवराखन ठाकुर, गणेश ठाकुर, पुष्कर, चिरंजीव साहू, लिखन साहू, रोशन साहू, परमानंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।





### गांवों में निकली भव्य कलश यात्रा, ग्रामीणों ने दर्ज कराई उपस्थिति

# जस गीतों के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मनोकामना ज्योति कलशों के विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्र पर्व का समापन हो जाएगा। विसर्जन के दौरान हजारों दर्शनार्थी शामिल होकर महाधार्मिक आयोजन के साक्षी बनेंगें। मां बम्लेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों और घर में स्थापित ज्योति का भी विसर्जन होगा। मां बम्लेश्वरी मंदिर में स्थापित ज्योति कलशों का मानव श्रृंखला के रूप में शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलेगा। इसी क्रम में ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोंज अग्रवाल ने अष्टमी और नवमीं को कलश उठाने वाली महिलाओं को बिल्ला वितरण किया। समिति ने महिलाओं को साड़ी भी दिया।

## नवरात्र पर्व का हुआ समापन

### राम नवमी की धूम

नवरात्र के समापन और राम नवमीं को लेकर पूजा, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सभी हनुमान मंदिरो में रामायण पाठ, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हिंदु, मारवाड़ी, ब्राम्हण, राजपूत समाज के लोगो ने कन्या भोज का आयोजन किया। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने नवरात्र के मौके पर नव दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कन्या पूजन कर भोज कराया।



### घर-घर में हुई पूजा

**पटेवा।** ग्राम में चैत्र नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर,शिव मंदिर सहित कार्तिक राम साहू के यहां जोत जंवारा रखा गया। नौ दिनों तक भक्तों ने पूजा अर्चना किया। अष्टमी हवन होने के बाद नवमी को भक्ति भाव के साथ जोत जवारा का विसर्जन किया गया, जिसे देखने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। विसर्जन का दौर दोपहर 12 बजे तक जारी रहा।

### ज्योति कलश विसर्जित

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर्व श्रद्धा भक्ति से मनाया गया। गुरूवार को अष्टमी हवन के पश्चात ज्योति कलशों का विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था जो शुक्रवार शाम तक चला। पारंपरिक वाद्य यंत्र और सेवा गीत के साथ शोभायात्रा निकाल कर ज्योति कलशों का विसर्जन किया गया।



# मेरेगांव में पानी के लिए हाहाकार

## टैंकर भी नहीं बुझा पा रहे दो वार्ड के लोगों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत के अधीन आने वाले मेरेगांव में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह टैंकरों के भरोसे हो गई हैं। वार्ड एक और दो के नागरिकों की शिकायत है कि उन्हे नल से पानी नहीं मिल रहा है। टैंकरो के समय पर नही आने से उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी के चक्कर में वह न तो काम पर जा पा रहे है और न ही अन्य कार्य कर पा रहे है।

जानकारी के अनुसार वाटर लेबल डाउन होने तथा मेरेगांव की पानी टंकी में पीएचई द्वारा पानी नहीं दिए जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। मेरेगाव बस्ती के निवासी पेयजल व निस्तार के लिए टैंकरों के भरोसे हो गए है। पार्षद खेदीबाई अमिला और सुरेश नेताम ने बताया कि टैंकर के आने जाने का समय तय नहीं है इसलिए लोगों को पानी के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद ने बताया कि नगर पंचायत का टैंकर सुबह 9 बजे के बाद मिलता है तब तक लोगो को इतंजार करना पडता है। जिससे मजदूर और नौकरीपेशा काम पर नहीं जा पाते है। नागरिकों की माने तो पानी के चक्कर में उनकी दिनचर्या बिगड़ गई है।



### फेल हुए बोर

मेरेगांव पानी के मामले में संकटो से घिरा रहता है। डाई एरिया होने के कारण यहां पर बोर कराने पर पानी नहीं मिलता है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की पहल पर पखवाडे भर पहले दो बोर कराया गया था जो फेल हो गए है। अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि उन्होने पानी टंकी का निर्माण कराया था और पीएचई के समूह जल आवर्धन योजना को इसी शर्तपर एनओसी दिया गया था वह मेरेगांव एवं चौकी की पानी टंकियो को पेयजल आपूर्ति करेगा लेकिन अब पीएचई अपने वादे को पूरा नहीं कर रहा है।

### पीएचई से नहीं मिल रहा पानी

मेरेगांव में गौठान के समीप बनी एक लाख लीटर क्षमता वाली टंकी को पीएचई के माध्यम से पानी मिलता रहा है पर काफी दिनों से इस टंकी को पीएचई के समूह जल आवर्धन योजना से पानी नहीं मिल रहा है। नगर पंचायत पेयजल आपूर्ति के लिए पीएचई पर निर्भर है क्योंकि मेरेगाव के डाई एरिया होने के कारण यहां बोर सफल नहीं होता है। नगर पंचायत टंकी को भरने के लिए पीएचई के भरोसे रहती है और पीएचई से पानी नहीं मिलने पर टैंकरो के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करती है। टैंकर भी सुबह नगर में पेयजल आपूर्ति करने के बाद पहुंचता है इसलिए लोगों को सुबह पानी नहीं मिल पा रहा है।

# संकटमोचन हनुमान की शोभायात्रा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

किसान अधिकार संघर्ष समिति दनिया, अतरिया, हनईबन, उदयपुर आदि गांव के सहयोग से विचारपुर पंडरिया मैदान में अगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर प्रतिमा स्थापना किया जाएगा। इस कार्यक्रम छह दिवसीय महोत्सव के रूप में रखा गया है। महोत्सव के पहले पड़ाव में चार दिवसीय शोभायात्रा निकाला गया है। कल शनिवार को ग्राम विचारपुर से यात्रा शुरू किया जाएगा। विभिन्न गांव से गुजरते हुए यात्रा कोटरा पहुंचेगी। यात्रा रविवार को कोटरा से सुबह प्रारंभ होकर सुराडबरी, मैन्हर,



बुंदेली, नवागांव लोधी, जोम, तेंदुभांठा, उदान, चारभांठा, दनिया होते हुए मानिकचौरी पहुंचेगी। इसी क्रम में सोमवार को यात्रा सुबह गर्रा, मरदकठेरा, धोधा, कालेगोंदी, बिरनपुर कला, छिराहिडीह, पत्थर्रा, मंजगांव, बागुर, गोकना, भुरभुस्सी होकर गंडई पहुंचेगी। मंगलवार को हनईबन, जगमड़वा, रैमड़वा, ठंढ़ार, बेलगांव, खोंघा, जंगलपुर होकर ओटेबंद पहुंचेगी।

### कलश यात्रा 2 अप्रैल को

यात्रा पूर्ण होने के बाद 1 अप्रैल को नवनिर्मित मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय पूजा अर्चना का आयोजन किया गया है। इस दौरान लगातार चौबीस घंटे राम नाम जाप किया जायेगा। वही 2 अप्रैल प्रातः 10 बजे पंडरिया से कलश यात्रा निकाला जागा जो प्रतिमा स्थापना स्थल तक जाएगी। यहां नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

# गर्मी आते ही शुरू हुई बिजली की आंख मिचौली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

इन दिनों गर्मी चरम पर है। बीते सप्ताह बारिश होने से लोगों को कुछ राहत मिली थी पर इस सप्ताह तापमान बढ़ गया है। गर्मी के बीच बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई है। शुक्रवार को लोग बिजली गुल होने से परेशान हुए। दोपहर दो बजे के बाद बिजली का आना जाना लगा रहा। दो से पांच मिनट के लिए बिजली आती फिर घंटा आधा घंटा के लिए गुल हो जाती थी। यह स्थिति शाम तक बनी रही। करीब आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग बिजली गुल से परेशान रहे। विभाग से संपर्क करने पर पता चला कि बिजली तार पर पेड़ गिरने से ऐसी स्थिति बनी है। पेड़ गिरने की जानकारी मिलने पर विभाग ने बिजली सप्लाई बंद किया। पेड़ की शाखाओं को काट कर हटाया गया तब कहीं जा कर बिजली सप्लाई शुरू हो सकी।

### कूलर, पंखे, चश्में की मांग बढ़ी

गर्मी बढ़ने के साथ ही कूलर, पंखे, टोपी और चश्मे की मांग बढ़ गई। गर्मी के शुरूवात से ही इनका बाजार सज गया था। इस सप्ताह तापमान बढ़ने के बाद लोग कूलर पंखे की खरीददारी कर रहे हैं। वहीं लोग घर से निकलने पर धूप से बचने टोपी, गमछा और चश्मा का सहारा ले रहे हैं।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में संचालित पीएम जनमन योजना की प्रगति का जायजा लेने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहॉं योजना अंतर्गत जारी दीर्घकालिक व त्वरित गतिविधियों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा बाद लक्ष्य अनुसार पूर्णता की दिशा में प्रगति का मूल्यांकन किया गया।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला ने बताया कि योजना तहत आवास निर्माण, सडक़ों का विकास, पेयजल उपलब्धता, बहुउद्देशीय केंद्रों का निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, मोबाइल मेडिकल यूनिट, विद्युत सुविधा, क्रेडा के जरिए सौर ऊर्जा, दूरसंचार सेवा सहित छात्रावास निर्माण कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा हैं। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समंवय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयावधि में सभी काम पूरा कर योजना का लाभ शत-प्रतिशत हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने गुणवत्ता बनाए रखने और नियमित निगरानी को आवश्यक बताया वही लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



### मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन पर जोर

स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के सुचारू संचालन पर बल देते हुए निर्देश दिया कि बैगा जनजाति की महिलाओं व बच्चों की एनीमिया, सिकल सेल सहित अन्य आवश्यक जांच अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही इनका समुचित डेटा संकलन कर एक व्यवस्थित मेडिकल डाटाबेस तैयार किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने शासन की गाइडलाइन के अनुरूप बहुउद्देशीय केंद्रों का संचालन सुनिश्चित करते हुए उन्हें ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने कहा। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# खड़गांव में कर्मा जयंती समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

ग्राम में कल शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे कलश शोभायात्रा निकाला जाएगा। दोपहर 12 से एक बजे तक मां कर्मा की आरती एवं भोग, दोपहर एक से तीन बजे तक अतिथि सम्मान एवं संबोधन, अपरान्ह तीन से पांच बजे



तक सामूहिक प्रसादी भोग रखा गया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रतासिंह होंगी। अध्यक्षत जिला साहू संघ के अध्यक्ष मदन साहू करेंगे। विशेष अतिथि तहसील अध्यक्ष कुंजबिहारी साहू होंगे। आयोजकों ने जिलेभर के सामाजिकजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### भगवान रामजी की भव्य शोभायात्रा आज

**राजनांदगांव।** श्रीराम नवमी के अवसर पर सकल गुजरात समाज एवं रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा कल 28 मार्च को महावीर चौक हनुमान मंदिर के पास से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस महावीर चौक, हनुमान मंदिर पहुंचेगी, जहां समस्त सनातनी भाई एवं बहनें सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसादी प्राप्त करेंगे।

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की एक भव्य आकर्षक झांकी के साथ प्रभावी बैंड, भजन मंडलियां, छत्तीसगढ़ की विभिन्न सांस्कृतिक लोक नृत्य एवं वनवासी नृत्य की विभिन्न मंडलियों के समूह के साथ कई अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां शोभायात्रा में नजर आएगी।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संस्कारधानी के समस्त सनातनियों से अनुरोध किया है कि वह इस शोभायात्रा में अवश्य शामिल हों तथा जिन मार्गों से यह शोभायात्रा गुजरेगी, वहां शोभायात्रा में शामिल आकर्षक रथ में विराजित हम सब के आराध्य देव भगवान श्रीराम पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत अवश्य करें।

### सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए गए आलोक





**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ प्रवीण दुबे एवं संभाग प्रभारी जयनारायण सिंह तथा राजनांदगांव जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से अनुमोदित सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आलोक मिश्रा मिश्रा ने अपनी कार्यकारिणी जारी की। जिसमें बोधीराम साहू व अनिरूद्ध चंद्राकर को सह-संयोजक बनाया गया। वहीं लीलाधर साहू कार्यालय प्रभारी, कृष्णा तिवारी मीडिया प्रभारी, गौरव अग्रवाल सोशल मीडिया प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हिरेन्द्र साहू, बलराम साहू, टीकम पाण्डेय, विजय शर्मा, रामकुमार देवांगन, चंदू साहू, विष्णु साहू, रामप्रवेश शुक्ला, मोतीलाल जंघेल, ओमप्रकाश साहू, दुर्जन देवांगन, पुरूषोत्तम साहू, मनोहर साहू, मामेश कुमार साहू एवं भुनेश्वर वर्मा को शामिल किया गया।

### आज से पांच दिवसीय संविधान मंथन का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के अंबेडकर चौक में संविधान मंथन कार्यक्रम का पांच दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आम जनमानस में संवैधानिक जागरूकता के उद्देश्य से संविधान मंथन का पांच दिवसीय आयोजन कल 28 मार्च से 1 अप्रैल तक किया जाएगा।

इस आयोजन में उत्तरप्रदेश से संविधान कथावाचक आचार्य सूरज राही होंगे। वहीं आयोजन में प्रमुख अतिथियों के रूप में प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह से जनहित में समर्पित है। इसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में संविधान कथा, संविधान वाचन, निबंध लेखन, और प्रदर्शनियों के साथ-साथ आम जनता के लाभ के लिए कई निःशुल्क शिविर, स्वास्थ्य शिविर, आरटीओ शिविर, श्रमिक विभाग शिविर, जैविक कृषि शिविर और कानूनी सलाहकार शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा राज्य व केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी और निःशुल्क संविधान पुस्तक की 1000 प्रतियां वितरित की जाएगी।

इस कार्यक्रम में संविधान वाचन, सविधान निबंध लेखन, संविधान स्पीच, सविधान प्रदर्शनी, संविधान मेला, संविधान मंथन एवं दर्शन यात्रा एवं रैली, सम्मान समारोह सहित अन्य आयोजन होंगे।

## सार्वजनिक जगह पर बस ड्राइवर को पीटकर किया था घायल

# ड्राइवर हत्याकांड के 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला में थाना परिसर से चंद कदम दूर बस स्टैंड और बाजार चौक के बीच हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपियों को धरदबोचा है। पुलिस ने इस जघन्य वारदात में शामिल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 20 मार्च की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच बस स्टैंड में भारत ट्रैवल्स के ड्राइवर कमलेश भुआर्य (45 वर्ष) निवासी ग्राम सांगली का इजराइल खान से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि इजराइल और उसके साथियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पहले बस स्टैंड में लगभग 9 बजे मारपीट की गई। मौके पर पहुंचे नगरवासी और पुलिस ने समझाइश देकर कमलेश को अन्य हर्टिंग भारत बस में सुला दिया। इसके बाद आरोपियों ने घायल कमलेश को दूसरी बार रात लगभग 10.30 बजे आरोपी भूषण राजपूत और सोमेश रावते ने स्कूटी में उठाकर बाजार चौक स्थित राजपूत ट्रांसपोर्ट कार्यालय के सामने ले जाकर अन्य आरोपियों को सुपुर्द किया, जहां दोबारा मारपीट किया। बेल्ट और पट्टे से की गई इस बर्बर पिटाई में उसे गंभीर अंदरूनी चोंटे आई।

मृतक कमलेश की अतडी भी फट गई थी। इसके बावजूद 21 मार्च दूसरे रोज कमलेश भारत ट्रैवल्स की बस को लेकर सुबह सवा 6 बजे मोहला से राजनांदगांव की ओर निकला। तबीयत बिगड़ते देख वह अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हुआ। आगे बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव रेफर किया गया और राजनांदगांव के निजी अस्पताल मेडिसिटी में भर्ती कराया गया, जहां पांच दिन बाद उसकी मौत हो गई।



### आक्रोश, गांव में चक्काजाम

आदिवासी समाज से ताल्लुक रखने वाले ड्राइवर कमलेश की दर्दनाक मौत की खबर मिलते ही ग्राम सांगली में आक्रोश फैल गया। परिजनों और ग्रामीणों ने शव राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में रखकर चक्काजाम किया था और कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस की समझाइश के बाद जाम समाप्त हुआ था।

### ये हिरासत में हैं

सोनू राजपूत 36 वर्ष, इजराइल खान 36 वर्ष, प्रवीण यादव 25 वर्ष, कमलेश घावड़े 23 वर्ष, सोमेश रावटे 24 वर्ष और भूषण राजपूत को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अपराध की पुष्टि होने पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 296, 115(2), 351(2), 103(1) सहित एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(वी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

जिला मुख्यालय मोहला थाना से चंद कदम की दूरी पर हुई इस वारदात ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला मुख्यालय में हो रहे वारदात से जिले की पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि इस मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी को सफलता माना जा रहा है, परंतु इस तरह बर्बरतापूर्ण नशे की हालत में रंगदारी के साथ मरते दम तक मारपीट की घटना से आम लोगों में आक्रोश है।

### सभी आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल

कमलेश भुआर्य के इलाज के दौरान मृत्यु के बाद बुधवार मध्य रात्रि एसपी वायपी सिंह के निर्देश में थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा की टीम ने तत्परता दिखाते पतासाजी शुरू की और कुछ ही घंटों में सभी मारपीट से हत्या में परिवर्तित हुए इस मामले के आरोपियों की पहचान कर रातों-रात हिरासत में लिया।

### 31 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** जैनों के 24वें तीर्थकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 31 मार्च को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

PRP/GFC
तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

# अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली

■ महापौर ने किया सम्पत्तिकर, जलकर व समेकित कर का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रारंभ में ही अपने आवास के सम्पत्तिकर, जलकर व समेकित कर का भुगतान कर दिया था।

वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते जिलाधीश जितेन्द्र यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकित कर का भुगतान किया। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के माह अंत मार्च में करदाताओं की सुविधा के लिए निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते निगम कार्यालय अवकाश के दिनों एवं शनिवार व रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा।

महापौर श्री यादव ने नागरिकों से अपील करते कहा कि उन्होंने अपने सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर का भुगतान वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में ही कर दिया था। इसी प्रकार जिलाधीश श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते कहा है कि वह अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान किया है। आप भी अपने करों का भुगतान कर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आपके राजस्व करों के भुगतान की राशि से निगम कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाता है। उन्होंने शासकीय विभागों से भी अपने-अपने विभाग के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान कर वित्तीय भार कम करने की अपेक्षा किया।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में वसूली हेतु वार्ड प्रभारियों को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जवाबदारी दी गई है। उन्होंने करदाताओं से कहा कि अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान समय पर कर अधिभार से बचें। उन्होंने कहा कि करदाता अपने करों का भुगतान अवकाश के दिनों एवं शनिवार व रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में कर सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आरपीएफ ने संदिग्ध...

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनीराम साहू 35 वर्ष निवासी रसमड़ा जिला दुर्ग बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह उक्त सामग्री को चोरी-छिपे ले जाकर चलते-फिरते कबाड़ी को बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था। आरोपी द्वारा रेलवे संपत्ति के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उसके विरुद्ध रेलवे संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम, 1966 की धारा 03(अ) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

**आरपीएफ ने की कार्रवाई-** आरोपी को गिरफ्तार कर विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा जेल में भेजने का आदेश दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों एवं रेलवे संपत्ति की सुरक्षा हेतु सतत प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रखे हुए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com


15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



## सौगात: नदी में तटबंध निर्माण से सुरक्षित होंगे घर: उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

# डिप्टी सीएम ने 4.08 करोड़ की सकरी नदी तटबंध निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सकरी नदी में कटाव को रोकने और ग्रामीणों को बाढ़ से सुरक्षा देने के उद्देश्य से शुक्रवार ग्राम कोडार में 4.08 करोड़ रुपए की लागत से 250 मीटर लंबे तटबंध निर्माण कार्य का भूमिपूजन उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। इस महत्वपूर्ण परियोजना से ग्राम कोडार के नदी किनारे बसे मकान सुरक्षित होंगे, कटाव की समस्या पर नियंत्रण मिलेगा और ग्रामीणों को निस्तारी की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम रेगाखार पंचायत के आश्रित ग्राम कोडार में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सकरी नदी के किनारे लगातार हो रहे कटाव से ग्रामीणों को लंबे समय से परेशानी हो रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए इस तटबंध निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि 250 मीटर लंबा यह तटबंध न केवल नदी के कटाव को रोकेगा, बल्कि बाढ़ के दौरान पानी के दबाव से होने वाले नुकसान को भी कम करेगा। इससे नदी किनारे बसे घर सुरक्षित रहेंगे और लोगों को बार-बार होने वाले नुकसान से राहत मिलेगी। साथ ही, नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों के लिए निस्तारी की सुविधाएं भी बेहतर होंगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इस योजना को क्षेत्र के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे किसानों और आम ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।

ग्रामीणों ने भी इस पहल पर खुशी जताते हुए शासन और उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। तटबंध निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सकरी नदी के किनारे बसे ग्राम कोडार के लोगों को कटाव और बाढ़ की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी, जिससे उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, संतोष पटेल, विजय पटेल, वीरसिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

### राज्य सरकार ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने निरंतर कार्य कर रही



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्राम में 142 आवास स्वीकृत किए गए हैं और सर्वे सूची में शामिल सभी पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया जा चुका है। सरकार ने अपने वादे के अनुरूप गठन के साथ ही कैबिनेट की पहली बैठक में आवास योजना को स्वीकृति देकर इसे प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ गांव में ही आसानी से मिल सके, इसके लिए ग्राम पंचायत भवन में डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित किया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष सुविधा मिल रही है। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 25 किस्तों में 25 हजार रुपए की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है, जिससे महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिली है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके और गांवों का समग्र विकास हो सके।

# सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक व प्रेरणादायक वर्णन किया: पं धनंजय

- नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन शिक्षक नारद साहू के निवास में किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 20 से 28 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं।

इस अवसर पर कथा वाचक पं धनंजय दुबे द्वारा सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायक वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि सुदामा हर परिस्थिति में संतोष रखने वाले थे चाहे भोजन मिले या न मिले, घर में सुख हो या अभाव, वे सदैव ईश्वर भक्ति और संतोष में लीन रहते थे। कथा में सुदामा और उनकी पत्नी सुशीला के जीवन का भावुक प्रसंग सुनाया गया, जिसमें गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद सुदामा ने कभी किसी से भिक्षा नहीं मांगी। उन्होंने जीवनभर हरि भजन, तप और श्रम से ही अपना जीवन यापन किया।

वहीं उनकी पत्नी सुशीला गृहस्थ जीवन की आवश्यकताओं और बच्चों की चिंता से व्यथित रहती थीं। पं श्री दुबे ने सुदामा और भगवान कृष्ण की मित्रता का उल्लेख करते हुए बताया कि सच्चा मित्र वही होता है जो परिस्थिति नहीं, भावना देखता है। सुदामा को विश्वास था कि द्वारिकाधीश कृष्ण आज भी उन्हें वही सम्मान देंगे, जो गुरुकुल के समय देते थे। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जीवन में संतोष सबसे बड़ा धन है। बिना संतोष के अपार धन भी व्यर्थ है, जबकि संतोष से ही सच्चा सुख और शांति प्राप्त होती है। कार्यक्रम में ग्राम धनेली सहित आसपास के गांवों कोलेगांव, भगतपुर, पीपरमाटी, मोहतराकला से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा का आनंद ले रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से रामाधार शर्मा, दिनेश पाण्डेय, गौतम साहू, नारद साहू, पूरन साहू, सुखीराम साहू एवं मंगलूराम साहू सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## भक्तों ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जोत-जवारा का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पूरे नौ दिनों तक श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सेवा की गई। नवरात्रि के समापन अवसर पर शुक्रवार को जोत-जवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु माता मां महामाया की शोभायात्रा निकालते हुए ब्राह्मण पारा तालाब की ओर गंगा स्नान हेतु पहुंचे। यात्रा के दौरान गांव के लोगों ने अपने-अपने घरों के बाहर आरती सजाकर माता रानी के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त: मन्यु जयराम मरावी



**हरिभूमि कोलेगांव।** आदिवासी संस्कृति, कला के संरक्षण और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी फाउंडेशन भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन ने अपने संगठनिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर नई नियुक्तियों की घोषणा की है। संस्था के मार्गदर्शक मंडल और वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति के पश्चात मन्यु जयराम मरावी को पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संस्था के सिद्धांतों और जन-कल्याणकारी उद्देश्यों को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन और नियुक्ति संस्था के डायरेक्टर बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा और सहायक डायरेक्टर तान्या मरावी ने आधिकारिक नियुक्ति पत्र जारी करते हुए मन्यु जयराम मरावी पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य केवल कागजों तक सीमित रहना नहीं, बल्कि धरातल पर उतरकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। वहीं जिलाध्यक्ष लीलाधर नेताम ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि मन्यु जयराम मरावी जैसे ऊर्जावान व्यक्तित्व के जुड़ने से जिले में संगठन को नई गति मिलेगी और सामाजिक आंदोलनों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता पंडरिया ब्लॉक के प्रतिभाशाली युवाओं को एक मंच पर लाना है, ताकि वे अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज निर्माण में कर सकें।

### प्रदेश भाजपा संगठन ने सीताराम साहू को सौंपी नई जिम्मेदारी



**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा के वरिष्ठ एवं सक्रिय नेता सीताराम साहू को प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है उन्हें भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के रायपुर संभाग में सह प्रभारी के रूप में नया दायित्व दिया गया है। श्री साहू लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण, मंडल स्तर से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करते हुए जिला भाजपा कबीरधाम में उपाध्यक्ष ,कोषाध्यक्ष व जिला संयोजक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

# कलेक्टर ने की जगमड़वा जलाशय एवं सुतियापाठ मध्यम जलाशय परियोजना की प्रगति समीक्षा



- कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत जगमड़वा परियोजना एवं सुतियापाठ परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष रूप से भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों की जगमड़वा जलाशय परियोजना अंतर्गत कैनाल निर्माण से संबंधित ग्राम राम्हेपुर, दलसाटोला, लखनपुर धनगांव तिलाभाट, सहसपुर लोहारा बानो, जगमड़वा, बिलहरी, डुमरिया, बानो, बासीनझोरी, बाम्हनटोला, सबराटोला नवघटा, बड़ौदा खुर्द, कौवहापानी, बुधवारा, चंदैनी, बड़ौदाखुर्द, कुमार दनिया, चिलमखोदरा, गांगीबहरा, सरईपतेरा, सुतियापाठ मध्यम जलाशय परियोजना अंतर्गत लखनपुर, खजरीकला, बाम्हनटोला, देहानडीह, पटपर, लखनपुर, बाजगुड़ा, खैरबना, रंजीतपुर, डंगरिया, जमुनिया, रणवीरपूर तथा गगरिया- खमरिया ग्रामों के प्रकरणों में प्रकरण तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र सर्वेक्षण कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाए, ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता किए बिना कार्यों को गति प्रदान की जाए। बैठक में भू अर्जन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर बी.आर. देवांगन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती शिल्पा देवांगन, तहसीलदार सहसपुर लोहारा विवेक गोहिया तथा नायब तहसीलदार नागेश कुमार तांजय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थें। इस बैठक में विशेष रूप से पटवारी एवं अमीन को फील्ड में जाकर प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### कलेक्टर ने जगमड़वा जलाशय में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक के पश्चात जगमड़वा जलाशय में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण कार्य करने निर्देशित किया। शेष बचे हुए भू अर्जन प्रकरण शीघ्र कार्यवाही और वन पट्टो का निर्धारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जगमड़वा के नहरो का मुआवजा संबधी प्रभावित ग्रामों से समन्वय कर कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल संसाधन से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण करना आवश्यक है, ताकि क्षेत्र के किसानों एवं आम नागरिकों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

## ज्योत जंवारा का किया गया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा सहित अंचल में गुरूवार को महाअष्टमी के हवन पश्चात शुक्रमवार की सुबह से ही ज्योति जवांरा विसर्जन का क्रम प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ मां के ज्योत विसर्जित किए। शुक्रवार को नगर के मां महामाया, मां दुर्गा, मां सतबहिनिया एवं मां विन्ध्वासिनी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों के ज्योत विसर्जित किए गए। जिसमें मां की शक्ति और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिली। ज्योत ज्वांरा विसर्जन के दौरान कई भक्तों को भाव भी आए जिन्हें पण्डों द्वारा हूमधूप देकर शांत किया गया। मंदिर समीतियों द्वारा बकायदा बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर ज्योत ज्वारों को विसर्जन के लिए स्थानीय जलाशायों तक ले जाया गया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए और पूजा पाठ की। इसी प्रकार ग्रामीण अंचलों की बात की जाय तो यहां पूरे नौ दिनो तक चले नवरात्र पर्व के बाद अष्टमी को हवन पूजन, कन्या पूजन, कन्या भोज आदि कार्यक्रम आयोजित की नवमीं तिथि में स्थानीय देवी मंदिरों से बाजे-गाजे के साथ जसगीत गाते हुए ज्योति-ज्वांरा निकाले गए और उनका स्थानीय जलाशयों में विसर्जन किया गया।

## वन परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व में बायसन को मारा गया था तीर

# बायसन को तीर मारने वाले 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



वन परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व के सीमावर्ती क्षेत्र में विगत तीन दिनों से एक वयस्क बायसन गौर के भटककर आने की सूचना पर वन विभाग द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान रात्रि के अंधकार का लाभ उठाकर अज्ञात शिकारियों द्वारा तीर से प्रहार कर उक्त वन्यप्राणी को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही निखिल अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के निर्देशन में वन विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। स्थानीय वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. जडिया द्वारा बायसन को निश्चेत शांत करना कर उसके शरीर से एक तीर निकाला गया एवं प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। प्रथम उपचार के उपरांत अगले दिन संयुक्त टीम द्वारा पुनः निरीक्षण करने पर पाया गया कि बायसन अपने एक पैर का समुचित उपयोग नहीं कर पा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर से विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया। डॉ. चंदन एवं उनकी टीम द्वारा गहन परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि बायसन के पैर के भीतर दो अन्य तीर धंसे हुए हैं, जो बाह्य रूप से दिखाई नहीं दे रहे थे। तत्पश्चात डॉ. जडिया एवं डॉ. चंदन की संयुक्त टीम द्वारा बायसन को पुनः निश्चेत कर जटिल शल्य-क्रिया के माध्यम से मांसपेशियों में गहराई तक धंसे दोनों तीरों को सफलतापूर्वक निकाला गया। इस चुनौतीपूर्ण उपचार के उपरांत बायसन पूर्णतः स्वस्थ हो गया, जिसे सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। वही घटना के अपराधियों का पता लगाने हेतु वन विभाग एवं वन विकास निगम द्वारा संयुक्त रूप से मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा डॉग स्क्वाड की सहायता ली गई। प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर संदिग्धों के घरों में तलाशी ली गई, जहाँ से शिकार में प्रयुक्त धनुष एवं बाण बरामद किए गए। पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर निम्नलिखित 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पंडरू वल्द छोटन बैगा, निवासी सरहापथरा, चैतुराम वल्द धनवा बैगा, निवासी सरहापथरा, शिवा वल्द कीर्छा बैगा, निवासी,पताल सिंह वल्द बुधराम, निवासी सरहापथरा, सुखराम वल्द शिवा बैगा, निवासी सरहापथरा, गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। 27 मार्च 2026 को सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# स्व. रामकृपाल गुप्ता का नेत्रदान बना समाज के लिए प्रेरणा

- नेत्रदान से जागरूकता व रोशनी का संदेश-कलेक्टर गोपाल वर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



मानवता एवं समाजसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 101 वर्षीय स्वर्गीय राम कृपाल गुप्ता द्वारा नेत्रदान किया गया। उनके इस पुनीत कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है। श्याम नगर निवासी सतीश कुमार गुप्ता (सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) के पिता स्व. राम कृपाल गुप्ता (सेवानिवृत्त अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश) का 25 मार्च 2026 को प्रातः 7.30 बजे निधन हो गया। वे अपने जीवन के अंतिम समय तक पूर्णतः सक्रिय रहे तथा अपने दैनिक कार्य स्वयं करते थे। स्व. श्री गुप्ता के निधन उपरांत परिवारजनों ने समाज के प्रति जिम्मेदारी का परिचय देते हुए उनके नेत्रों का दान करने का निर्णय लिया।

इस कार्य के लिए सेवानिवृत्त इंजीनियर श्याम सुंदर जैन द्वारा परिवार को प्रेरित किया गया, जिनका प्रयास सराहनीय एवं अनुकरणीय है। नेत्रदान की प्रक्रिया शासकीय जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. क्षमा चोपड़ा एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस पुण्य कार्य के लिए स्व. राम कृपाल गुप्ता के परिवारजनों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं और दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में उजाला लाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे नेत्रदान के प्रति जागरूक बनें और इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी एवं सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव ने भी परिवार के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। जिला नोडल अधिकारी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. क्षमा चोपड़ा ने बताया कि नेत्रदान का महत्व अत्यंत बड़ा है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को रोशनी मिल सकती है। यह दान मृत्यु के पश्चात 4 से 6 घंटे के भीतर किया जाता है तथा इसमें केवल कॉर्निया (आंख का पारदर्शी भाग) लिया जाता है। पूरी प्रक्रिया सुरक्षित एवं सम्मान जनक होती है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

**कवर्धा।** पण्डरिया ब्लाक कांग्रेस को और बेहतर मजबूत बनाने के विषय में चर्चा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम साहू उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष श्री जायवाल ने उपस्थिति कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए संगठन को मजबूत करने की बात कही। बैठक में गुरुदत्त शर्मा, शुभाषपूरी गोस्वामी, शारदा सोलवानी, शालनी लहरे, प्रकाश महराज , सुजीत कुम्भकार , खोवाराम भास्कर आदि उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम जैतपुरी को दी 2.98 करोड़ रुपए के नवीन विद्युत उपकेंद्र की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के ग्राम जैतपुरी में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी सौगात देते हुए 2 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 33/11 केव्ही, 5 एमवीए क्षमता के नवीन विद्युत उपकेन्द्र का विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इस उपकेन्द्र के स्थापित होने से जैतपुरी सहित आसपास के 12 गांवों के करीब 1 हजार 750 से अधिक उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें गुणवत्तापूर्ण, नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी। वर्षों से लो वोल्टेज, बार-बार बिजली बाधित होने और लंबी फीडर लाइन की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्राम जैतपुरी में 5 लाख 20 हजार रुपए के सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गांव और वनांचल क्षेत्रों के विकास पर भी पूरा ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि यह नया बिजली उपकेन्द्र बनने से क्षेत्र में बिजली की समस्या दूर होगी और विकास तेजी से बढ़ेगा। अब लोगों को लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। इस परियोजना के पूरा होने के बाद बिजली व्यवस्था स्थायी रूप से बेहतर हो जाएगी।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस उपकेन्द्र में 5 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा तथा यहां से 3 अलग-अलग 11 केवी फीडर निकाले जाएंगे, जिससे आसपास के 12 गांव सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। इस व्यवस्था से क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या दूर होगी, जिससे किसानों को विशेष रूप से राहत मिलेगी और कृषि कार्य के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण सदस्य भगत पटेल, नितेश अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, लोकचंद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### 2.98 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण



विकासखंड कवर्धा के ग्राम जैतपुरी में नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी और क्षेत्रवासियों के लिए सुविधाओं का विस्तार करेगी। ग्राम जैतपुरी में लगभग 2 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से उपकेन्द्र का निर्माण किया जाएगा। इसमें 5 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की क्षमता बढ़ेगी।

### 12 गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

ग्राम जैतपुरी में स्थापित होने वाला यह नया विद्युत सबस्टेशन क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को मजबूत करेगा। इसके माध्यम से जैतपुरी, सिंघनपुरी, लालपुर, तारो, खैरबना, धनडबरा, बटालियन, मंडलाकोना, हाथीडोब सहित कुल 12 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा, जहां लंबे समय से लो वोल्टेज और अनियमित बिजली की समस्या बनी हुई थी। इस उपकेन्द्र से उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और क्षेत्र में नियमित, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

**मौत:** वाइल्ड लाइफ डॉक्टरों की टीम ने किया पीएम, मामले की जांच जारी

# रहस्यमय ढंग से पेड़ से गिरे 8 बंदरों की मौके पर मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कुई क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां गुरुवार शाम कदम के पेड़ पर बैठे 8 बंदर अचानक एक-एक कर नीचे गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में दहशत का माहौल है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंदर पेड़ पर सामान्य रूप से बैठे हुए थे, तभी अचानक वे गिरने लगे। पास स्थित कॉलेज के अधिकारियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पंडरिया के अनुविभागीय अधिकारी सुयेश दिवान, रेंजर पल्लवी, डिप्टी रेंजर संतोष सोनी, वन रक्षक जितेंद्र चंद्राकर एवं पांडातराई रेंज के अधिकारी कय्यूम खान मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौके पर 7 बंदरों की मौत हो चुकी थी, जबकि 8वां बंदर भी मृत अवस्था में पाया गया। शुक्रवार को वाइल्ड लाइफ डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी मृत बंदरों का पोस्टमार्टम किया गया।

### मामला संदिग्ध, जांच में जुटी टीम



प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहर दिए जाने की वजह से यह घटना हुई हो सकती है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र के वन्यजीव प्रेमियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए। फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की गहन जांच में जुटा हुआ है और हर पहलू पर नजर बनाए हुए है।

# अंचल में धूमधाम से मनाया गया रामलला का जन्मोत्सव

## भए प्रकट कृपाला स्तुति के साथ महिलाओं ने गाए सोहर गीत

- श्री रामलला के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भए प्रकट गोपाला, दीन दयाला की स्तुति और घंटा घडिड़ाल, शंख ध्वनि और नंगाड़े के साथ शुक्रवार की दोपहर नगर के रामजानकी मंदिर, मेकरी मंदिर, मठ मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर सहित अन्य देवालयों में भगवान रामजी का जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्मोपरांत मंगलआरती की गई और महिलाओं द्वारा सोहर गीत गाए गए। राज परिवार द्वारा संचालित नगर के राधा कृष्ण बड़े मंदिर में रामनवमी का पर्व परम्परागत ढंग से श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी ने बताया की नवमी की दोपहर भगवान श्री बांकेबिहारी का श्रृंगार तथा पूजा अर्चना राम के रूप में किया गया। तत्पश्चात पंजरी, पंचामृत का प्रसाद वितरण किया गया।


स्थानीय कचहरी पारा स्थित रामजानकी मंदिर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता जी का विशेष श्रृंगार मखमल के वस्त्रों व रजत आभूषणों से किया गया। जन्मोत्सव के दौरान मंदिर में शंखनाद एवं घण्टा ध्वनी के साथ मंगल आरती की गई। आरती पश्चात जहां भक्तों ने भए प्रकट कृपाला का स्तुति गान किया वहीं महिलाओं ने सोहर गीत गाए। हटरी पारा स्थित मेकरी मंदिर में भी राम जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया गया। अपरान्ह 12 बजे घण्टा घडिड़ाल, शंखध्वनी तथा नंगारे के साथ रामजन्मोत्सव मनाया गया।

तत्पश्चात पंजरी व मालपुआ का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। देवांगन पारा स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुंदरकाण्ड व रामरक्षा स्त्रोत के पाठ पश्चात सैकड़ों भक्तों की उपस्थित में रामस्तुति की गई। इस दौरान महिला समूह द्वारा भजन कीर्तन किया गया। कवर्धा नगर की ही तरह नगर पंचायत पाण्डातराई, पंडरिया, स. लोहारा, बोड़ला, पिपरिया सहित अन्य ग्रामों में भी पर्व के मौके पर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राममंदिरों में श्रृद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।

# फांसी के फंदे में लटका मिला ग्रामीण का सड़ा गला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बासापानी खोधरा में एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ागला शव फांसी के फंदे में लटका मिला है। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर मृतक का शव तो बरामद कर लिया है लेकिन शव काफी पुराना होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को क्षेत्र के कुछ ग्रामीण जंगल की तरफ गए थे। जहां उन्होने बासापानी खोधरा के जंगल में लगे पेड़ में एक व्यक्ति का फांसी में लटका हुआ शव देखा। ग्रामीणों की नजर जैसे ही फांसी में लटके शव पर पड़ी वे उल्टे पैर गांव लौट आए और इसकी जानकारी दूसरे ग्रामीणों को दी। बाद में घटना की सूचना कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार मृतक का शव काफी पुराना हो चुका है और चेहरा पूरी तरह से सड़ चुका है जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है और जांच की जा रही है।



# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश के लिए दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया गया है। जारी निर्देशानुसार, विद्यार्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक विद्यार्थी केवल एक ही विद्यालय के लिए आवेदन कर सकेगा। महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को प्रवेश में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए आवेदन पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को कुल रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कुल रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों पर तथा पात्र आवेदकों की संख्या अधिक होने की स्थिति में विद्यार्थियों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया कम्प्यूटर आधारित रेंडम पद्धति से पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालयों में पूर्व से अध्ययनरत विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश हेतु पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। सह-शिक्षा वाले विद्यालयों में कुल रिक्त सीटों का 50 प्रतिशत छात्राओं के लिए आरक्षित रहेगा। यदि पर्याप्त संख्या में छात्राएं उपलब्ध नहीं होती हैं, तो शेष सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिया जा सकेगा। हिन्दी माध्यम विद्यालयों में विद्यालय की क्षमता के अनुसार प्रवेश देने का अधिकार कलेक्टर की अध्यक्षता वाली सोसायटी को होगा। कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश सोसायटी के निर्णयानुसार लिया जाएगा। वहीं, अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से संचालित अंग्रेजी माध्यम की प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्राथमिकता दी जाएगी। कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होना अनिवार्य किया गया है।



## नगर पंचायत सीएमओ ने लिया साफ सफाई व्यवस्था का जायजा



**पाण्डातराई। नगर पंचायत** पांडातराई में सीएमओ अभिषेक सिंह ने साफ-सफाई व्यवस्था का मौका मुआयना किया। इस दौरान उन्होने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वार्डों की नालियों और सड़कों पर कचरे का ढेर न लगने पाए। सीएमओ अभिषेक सिंह ने कहा कि उन्होंने सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान वार्डों का निरीक्षण किया। जहां गंदगी दिखती है, वहां तत्काल सफाई अभियान शुरू करवाया जाता है। उन्होने बताया कि शहरवासियों से अपील की है कि वे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन अभियान में सहयोग करें और कचरे को नालियों में न फेंके। श्री सिंह ने कहा कि वे लगातार सुबह भ्रमण के दौरान निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। जहां गंदगी पाई जाती है, वहां तत्काल सफाई अभियान चलाया जाता है। उन्होने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सभी के सहयोग से ही स्वच्छ पांडातराई का सपना साकार हो सकता है। जवारा विसर्जन पूर्व नगर के प्रमुख तालाबों के आसपास की साफ सफाई प्रमुख रूप से कराई गई है।

**अष्टमी में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल ने की पूजा अर्चना**

# ग्राम कोदवागोड़ान में नव दिवसीय महायज्ञ और भागवत कथा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

स्थानीय महामाया मंदिर सेवा समिति द्वारा ग्रामीणों एवम अंचल वासियों के सहयोग से नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं साप्ताहिक भागवत ज्ञान यज्ञ का सफल आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। क्षेत्र के कल्याण के लिएु महामाया मंदिर के निकट आयोजित इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में ग्रामीण श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

यज्ञ के आठवें दिन (अष्टमी) छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ मंडप की विधि-विधान से परिक्रमा की और जगत जननी मां महामाया का पूजन-अर्चन कर समस्त प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने व्यास पीठ के समक्ष बैठकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण भी किया।

### आयोजन में दिखा भक्ति और सेवा का संगम




आयोजन समिति के मुखिया भागवत पटेल के अथक प्रयासों और दृढ़ इच्छाशक्ति की क्षेत्र में सराहना हो रही है। उनके कुशल नेतृत्व में महामाया समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से यह विशाल आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 19 मार्च से शुरू हुए इस अनुष्ठान में वृंदावन से आए यज्ञ आचार्य अवधेश शुक्ला के सानिध्य में यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने आहूतियां दीं। 9 दिनों तक चले इस ज्ञान यज्ञ और अनुष्ठान के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 28 मार्च 2026 को महामाया प्रांगण में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया !समिति के सदस्य श्रवण यादव ने बताया कि दिन में जहां प्रातः काल यज्ञ हवन और दोपहर बाद भागवत कथा का कार्यक्रम होता था वहीं नवरात्रि पर्व के चलते यहां रात्रिकालीन कार्यक्रम में प्रतिदिन रात 8 से 12 बजे तक देवी जसगीत गायन भी चलता रहा। आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी कोदवा गोड़ान और आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा।

# लगातार बढ़ते तापमान में जिलेवासियों को लू से बचने व सतर्कता बरतने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के साथ भीषण गर्मी और तेज धूप से लू लगने की आशंका बढ़ गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने समस्त जिलेवासियों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे मौसम में बदलाव हो रहा है, तेज धूप और गर्मी के प्रभाव से शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ सकता है, जिससे लू लगने या हीट-स्ट्रोक जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लू लगने के कारण शरीर में पानी और खनिज लवण की कमी हो जाती है, जो खतरनाक और जानलेवा साबित हो सकता है। सीएमएचओं डॉ. डीके तुर्रे ने कहा कि इस समय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग दिन-रात खेतों में काम, खरीदारी और अन्य कार्यों के लिए बाहर जा रहे हैं, लेकिन वे पर्याप्त मात्रा में पानी या अन्य पेय पदार्थ साथ नहीं ले जाते, जिसके कारण निर्जलीकरण का शिकार हो जाते हैं। निर्जलीकरण से समय पर उपचार न मिलने पर मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है।

**लू से बचाव के उपाय**

इस संबंध में सीएमएचओं डॉ.डीके तुर्रे ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्रों में लू से बचाव और उपचार के लिए जीवन रक्षक दवाइयां और ओआरएस पैकेट उपलब्ध हैं। लू से बचने के लिए जन सामान्य से अपील की जाती है कि जब भी बाहर जाएं, तो पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य पेय पदार्थ जैसे नींबू पानी, मट्ठा, जलजीरा, पना आदि का सेवन करें।

साइकिल, स्कूटी, मोटर साइकिल पर चलते समय सिर और कानों को मुलायम कपड़े से ढकें, चश्मा और टोपी पहनें। बीच-बीच में छायादार स्थान पर रुक कर विश्राम करें। ताजे फल, फलों का जूस और ओआरएस घोल का सेवन करें।

**ओआरएस का महत्व**

यदि ओआरएस पैकेट उपलब्ध न हो, तो एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर, एक चुटकी नमक और कुछ बूंदें नींबू का रस मिलाकर घोल तैयार करें और उसे पिएं। इससे शरीर में पानी और खनिज लवण की कमी को पूरा किया जा सकता है।